Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Need to provide adequate compensation to farmers who suffered damage to their crops caused by heavy rainfall and hail storm in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सुधार के बावजूद आज हमारे देश के विशेषकर बिहार राज्य में किसानों की जो आर्थिक स्थिति है उससे हम सभी अवगत हैं और मुझे लगता है कि इसका एक मुख्य कारण समय-समय पर मौसम की उदासीनता भी रही है । दिनांक 25 फरवरी 2020 को मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, पूर्वी चंपारण एवं सीतामढ़ी जिले में बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई है । जिससे किसानों की हजारों हेक्टेयर भूमि में लगे रबी फसलों जैसे मसूर, गेहूं, मक्का, अरहर, सरसों आदि फसलों की भारी क्षति हुई है । ओलावृष्टि इतनी अधिक हुई है कि घंटों बाद भी सड़कों एवं खेतों पर बर्फ के बड़े-बड़े टुकड़े देखे जा सकते थे तथा चारों तरफ बर्फ की मोटी परत जम गई थी । अचानक आए इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान ने किसानों की कमर तोड़ दी है जिससे उनमें काफी निराशा है और उन्हें सरकार से तत्काल राहत की आवश्यकता है । किसानों एवं गरीबों का हित हमारे केंद्र सरकार की भी सर्वोच्च प्राथमिकता है । अतः सरकार से अनुरोध होगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिलों में बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करते हुए अविलंब उचित मुआवजा दिलाया जाए ।